# बजट घोषणा 2019–20

| क्र.सं. | घोषणा संख्या | घोषणा |
|---|---|---|
| 1. | 135. | उम्मेद स्टेडियम, जोधपुर में दर्शकों की सुविधा के लिए शेड निर्माण करवाने हेतु रू. 2 करोड़ प्रस्तावित हैं। |
| 2. | 136. | राज्य के युवा बधाई के पात्र हैं क्योंकि अब ये युवा देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में भी अग्रणी रहने लगे हैं। युवाओं को सही दिशा दिखाने, निरन्तर नया करने की प्रेरणा देने एवं बड़ी सोच रखने के लिए "Youth Motivation Programne' चलाया जायेगा। |
| 3. | 137. | प्रदेश के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को वित्तीय सम्बल देने के लिए हम एक नवीन पेंशन योजना लायेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक पाने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन छात्रवृति योजना लायी जायेगी। राज्य में खेल प्रशिक्षकों की कमी को देखते हुए खेल प्रशिक्षकों की सेवायें लेने के लिए विभाग हेतु रू. 5 करोड़ का प्रावधान स्वीकृत किया जायेगा। |
| 4. | 138. | राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ–साथ निजी क्षेत्र का सक्रिय जुड़ाव भी आवश्यक है। इस हेतु हम 'एक उद्यमी–एक खेल योजना' लायेंगे, जिसमें कोई औद्योगिक घराना एक खेल को गोद लेकर राज्य में उसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें विकसित करेगा। |
| 5. | 139. | ऐशियन गेम्स, नेशनल गेम्स (राष्ट्रीय खेल) की तर्ज पर मैं राजस्थान में राज्य खेल प्रारंभ करने की घोषणा करता हूँ। |